# साँवरे पटवा दे पटवा दे

साँवरे पटवा दे पटवा दे,
अब तो मेरा काम,
दिखाए नख़रे क्यों,
इतने सुबह श्याम,
कहो अगर तो ऊपर से भी,
सोर्स लगा देंगे,
बरसाने वाली से,
एक फोन करा देंगे,
बरसाने वाली से,
एक फोन करा देंगे।

ऐसे वैसे ना हम दीवाने हैं,
ऐसे वैसे न हम दीवाने है,
थोड़े थोड़े हम भी सयाने हैं,
है पहुँच अपनी तो ऊपर तक,
ये जान के भी क्यों ना मानें हैं,
मान ले वरना,
हम ये साबित करके दिखा देंगे,
बरसाने वाली से,
मिस कॉल करा देंगे।

माना की दुनियाँ ये तुम्हारी है,
तू ही हम सबका पालन हारी है,
फिर भी तू रहता जिसके बस में वो,
और कोई ना राधे प्यारी है,
राधे को हम,
अपने दिल का हाल सुना देंगे,
बरसने वाली से हम,
एसएमएस करा देंगे।

चाहे सेवक से चाहे मालिक से,
काम जब होता हे गुज़ारिस से,
सोनू कहता यह रीत दुनियाँ की,
जल्दी हो जाता वो सिफ़ारिस से,
तुजसे काम कराने की,
ये रीत चला देंगे,
बरसाने वाली से,
हम ईमेल करा देंगे।

साँवरे पटवा दे, पटवा दे,
अब तो मेरा काम,
दिखाए नख़रे क्यों,

इतने सुबह श्याम,
कहो अगर तो ऊपर से भी,
सोर्स लगा देंगे,
बरसाने वाली से,
एक फोन करा देंगे,
बरसाने वाली से,
एक फोन करा देंगे।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22443/title/sanware-patwa-de-patwa-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |